माध्यमिक विद्यालय स्थान आवंटन (SSPA) प्रणाली 2026

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

SSPA के परिणाम जारी करना

(1) प्र यदि माता-पिता / अभिभावक विद्यालयों में लौटने में असमर्थ हैं और आवंटन परिणाम जारी होने के दिन (यानी 7 जुलाई 2026) को आवंटन परिणाम एकत्र करने नहीं आ सकते हैं या 9 जुलाई और 10 जुलाई को आवंटित विद्यालयों के साथ पंजीकरण नहीं कर सकतें हैं, तो उन्हें क्या करना चाहिए?

उ (a) यदि माता-पिता / अभिभावक विद्यालयों में लौटने और आवंटन परिणाम एकत्र करने में असमर्थ हैं और व्यक्तिगत रूप से आवंटित विद्यालयों के साथ पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा नहीं कर सकतें हैं,तो उन्हें अपने बच्चे के प्राथमिक विद्यालय के प्रमुख से एक लिखित प्राधिकरण लेना चाहिए, जिससे एक प्रतिनिधि उनके पक्ष से कार्य कर सके। जानकारी के लिए , कृपया संबंधित प्राथमिक विद्यालय से संपर्क करें। आवंटन परिणाम जारी होने के दिन, अधिकृत प्रतिनिधि अपना पहचान पत्र स्वयं प्रस्तुत करे और विद्यालय के छात्र के प्रवेश पर्ची का मूल और प्राधिकरण पत्र एकत्रित करे ताकि सही दस्तावेज़ों सहित माध्यमिक 1 के छात्रों की पंजीकरण प्रक्रिया निर्देशित तारीख़ पर पूरी हो। अन्यथा, आवंटित माध्यमिक 1 (S1) के स्थान का आरक्षण नहीं किया जायेगा।

(b) यदि माता-पिता / अभिभावक द्वारा को उनके अधिकृत प्रतिनिधि या स्वयं से, आवंटित विद्यालय के साथ पंजीकरण की अवधी मे, पंजीकरण करने में वास्तविक कठिनाई हो, तो उन्हें संबंधित विद्यालय अथवा शिक्षा ब्यूरो (EDB) के विद्यालय सथान आवंटन (SPA) अनुभाग को पंजीकरण अवधी स्मापत होने से पहले सूचित करना चाहिए, ताकि पंजीकरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके। ऐसा करने में विफलता का मतलब है कि उन्होंने आवंटित स्थानों को छोड़ने का विकल्प चुना है।

(2) प्र यदि छात्र पंजीकरण की अवधि से पहले अपने आवंटन दस्तावेज खो दें तो उन्हें क्या करना चाहिए?

उ यदि छात्र पंजीकरण की अवधि से पहले अपने आवंटन दस्तावेज खो दें, तो उन्हें जल्द से जल्द इस दस्तावेज की स्थानापन्न का आवेदन करना चाहिए। छात्रों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को किसी कार्य दिवस के दौरान (सोमवार से शुक्रवार प्रात: 8:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक और दोपहर 2:00 बजे से सांय 6:00 बजे तक; शनिवार, रविवार और जनतक छुट्टी के दिन बंद)छात्र के पहचान पत्र या सम्बंधित विद्यालयों के दस्तावेज़ों (जैसे विद्यालय के रिपोर्ट या Primary 6 Student Record Forms) का मूल रूप लेकर और EDB के SPA अनुभाग में प्रतिस्थापन प्रक्रियाओं को निम्लिखित पते पर पूरा करना चाहिए। (पता: Podium Floor, West Block, Education Bureau Kowloon Tong Education Services Centre, 19 Suffolk Road, Kowloon Tong, Kowloon). आधिकारिक हस्ताक्षर शुल्क HK$125 है। यदि छात्र पंजीकरण अवधि के भीतर अपने आवंटन दस्तावेज खो देते हैं , तो उन्हें जल्द ही EDB के SPA अनुभाग से निम्नलिखित दूरभाष 2832 7740 अथवा 2832 7700 पर संपर्क करना चाहिए। ऐसा करने में विफलता का मतलब है कि उन्होंने आवंटित स्थानों को छोड़ने का विकल्प चुना है।

(3) प्र यदि माता-पिता आवंटन परिणाम जारी होने के बाद अपने बच्चों को दूसरे विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन करना चाहते हैं या उनके बच्चों को पंजीकरण के बाद दूसरे विद्यालय में स्वीकृत मिल जाती है, तो उन्हें क्या करना चाहिए?

उ माता-पिता, विभिन्न कारणों से, अपने बच्चों के दूसरे स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन की इच्छा कर सकते हैं। इस मामले में, माता-पिता सीधे विद्यालयों में आवेदन दे सकते हैं लेकिन क्या उनके बच्चों को स्वीकृत दी जाएगी , यह निर्णय संबंधित विद्यालयों पर आधारित है। माता-पिता इस बात का ध्यान रखें कि इससे पहले कि उनके बच्चे दूसरे विद्यालय में स्वीकृत हों,उनको निर्दिष्ट पंजीकरण अवधि और समय के भीतर आवंटित विद्यालय के साथ पंजीकरण करना चाहिए। ऐसा करने में विफल होने पर, यह माना जाएगा की आवंटित स्थान छोड़ा जा रहा है।

यदि किसी छात्र को दूसरे विद्यालय द्वारा स्वीकृति दी जाती है , तो उसे आवंटित विद्यालय जिसके साथ वह पंजीकृत है, उस विद्यालय से उसे प्रवेश पर्ची वापिस लेनी होगी। जब छात्र आवंटित विद्यालय से प्रवेश पर्ची प्राप्त कर लेता है तो आवंटित विद्यालय उसका पंजीकरण रद्द कर देगा और आवंटित S1 स्थान उसके लिए आरक्षित नहीं होगा ।

(4) प्र क्या छात्र को दूसरे ज़िले के एक विद्यालय में आवंटित किया जाएगा?

उ छात्र को निम्नलिखित परिस्थितियों में अन्य ज़िले के एक विद्यालय में आवंटित किया जाएगा:

(a) यदि छात्र की भर्ती अन्य ज़िले के विद्यालय में डिस्क्रेशनेरी प्लेसेज़ (DP) चरण या

(b) छात्र को केंद्रीय आवंटन (CA) "असीमित विद्यालय विकल्पों" के भाग A अंतर्गत किसी और जिले में एक सकूल स्थान आवंटित किया गया हो; या

(c) प्रत्येक विद्यालय के संजाल में, ऐसे माध्यमिक विद्यालय हैं जो उसी जिले में स्थित हैं और अन्य जिलों मे स्थित माध्यमिक विद्यालय हैं, जिनमें से माता-पिता चयन कर सकते हैं। छात्रों को एक ऐसे दूसरे ज़िले, जो उसके विद्यालय के संजाल में हो, उसके एक माध्यमिक विद्यालय में आवंटित किया जा सकता है।

(5) प्र क्या छात्रों को उनके द्वारा माध्यमिक एक विद्यालय विकल्प पपत्र (Choice Form) में दर्शाये गए विकल्प के अलावा अन्य विद्यालयों में आवंटित किया जाएगा?

उ माता-पिता, Choice Form के भाग A "असीमित विद्यालय विकल्पों" को पूरा करते समय, किसी भी विद्यालय के संजाल में से अधिकतम तीन माध्यमिक विद्यालयों को चुन सकते हैं, विकल्प पपत्र के भाग B "सीमित विद्यालय विकल्पों" को भरते हुए, माता-पिता उस संजाल में अधिकतम 30 माध्यमिक विद्यालयों को चुन सकते हैं, जिस संजाल में उनका बच्चा है।

आवंटन प्रक्रिया में, भाग A में "असीमित विद्यालय विकल्पों" को पहले संसाधित किया जाएगा। अगर कोई छात्र भाग A में किसी विद्यालय में स्वीकृत होता है, तो भाग B "सीमित विद्यालय विकल्पों" में उसे स्थान नहीं दिया जाएगा। यदि किसी छात्र को भाग A में उसके सभी स्कूल विकल्पों के खत्म होने के बाद स्कूल में सथान आवंटित नहीं किया जाता है तो उसे भाग B के किसी विद्यालय में स्थान आवंटित किया जाएगा।

भाग B में विद्यालय के विकल्पों को संसाधित करते समय, कंप्यूटर छात्रों को विद्यालय में स्थान, उनके आवंटन बैंड, विद्यालय के विकल्प और क्रमरहित संख्या के अनुसार, आवंटित करेगा। यदि छात्रों को उनके विद्यालय के सभी विकल्प समाप्त हो जाने के बाद भी विद्यालय में स्थान आवंटित नहीं किए गए, स्कूल नेट में माध्यमिक विद्यालयों के शेष स्थानों से कंप्यूटर उन्हें स्थान आवंटितकरेगा[1]। दूसरे शब्दों में, माता पिता जितने अधिक स्कूल के चयन करेंगे, उनके बच्चों का चयन किए गए विद्यालय में आवंटन की सम्भावना उतनी ही बढ़ जाएगी। इसके विपरीत, अगर माता पिता केवल लोकप्रिय विद्यालय या कम संख्या में विद्यालयों को चुनते हैं, तब उनके बच्चों के उन विद्यालयों में चयन की सम्भावना बाढ़ जाएगी, जो विद्यालय उनके विकल्पों के बाहर हैं।

[1] डायरेक्ट सब्सिडी योजना को छोड़कर स्कूल और स्कूल इस टिप्पणी के साथ "छात्रों को इस स्कूल को आवंटित नहीं किया जाएगा जब तक कि उन्होंने इसे अपनी पसंद में शामिल नहीं किया है "।

(6) प्र क्या एक फीडर / नामांकित प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को उनके फीडर / नामांकित माध्यमिक विद्यालय को आवंटित नहीं किया जाएगा?

उ संबंधित छात्र अपने फीडर / नामांकित माध्यमिक विद्यालय में आरक्षित स्थान के लिए तभी योग्य हैं, यदि वे नेट बैंड 1 या 2 में हों उन्होंने फ़ीडर/नामांकित विद्यालय को CA के "सीमित विद्यालय विकल्पों" भाग B में पहला विकल्प चुना है। यदि योग्य छात्रों की संख्या आरक्षित स्थानों की संख्या से अधिक है, तो आवंटन के लिए प्राथमिकता क्रम छात्रों पर आधारित होगा' नेट बैंड और उनके रैंडम नंबर जब तक सभी आरक्षित स्थान नहीं भरे जाते।

हालाँकि, ऐसे मामले हो सकते हैं जब छात्रों को फीडर/नामांकित माध्यमिक विद्यालय को आवंटित नहीं किया जाता है:

(a) छात्र संजाल बैंड की आवश्यकता को पूरा नहीं करता है;

(b) छात्र ने CA के भाग B "सीमित विद्यालय विकल्पों" में फीडर / नामांकित माध्यमिक विद्यालय को अपने विद्यालय को पहले विकल्प के रूप में नहीं चुना है;

(c) योग्य प्राथमिक 6 विद्यालय के छात्र की संख्या फीडर/नामांकित आरक्षित स्थानों की संख्या से अधिक है;

(d) यदि छात्र को किसी दूसरे ज़िले के विद्यालय में डिस्क्रेशनेरी प्लेसेस स्टेज के तहत स्थान मिला हो या CA के भाग A "असीमित विद्यालय विकल्पों" के तहत आवंटित किया गया हो; या

(e) छात्र को क्रॉस-नेट आवंटन के लिए मंज़ूरी मिली है।

(7) प्र SSPA सिस्टम और सरकार, सहायता प्राप्त और गैर-लाभकारी निजी विद्यालयों में भाग लेने वाले डायरेक्ट सब्सिडी योजना (DSS) माध्यमिक विद्यालयों के बीच आवंटन व्यवस्था में क्या अंतर है?

उ विद्यालय आवंटन की प्रक्रियाएं, भाग लेने वाले DSS माध्यमिक विद्यालय और सरकार के लिए करता है, सहायता प्राप्त और गैर-लाभकारी निजी माध्यमिक विद्यालय मूल रूप से एक ही हैं सिवाय इसके कि भाग लेने वाले DSS माध्यमिक विद्यालय S1 स्थानों के 30% से अधिक को DP के रूप में आरक्षित कर सकते हैं। विद्यालयों को अभी भी विद्यालय के 10% स्थानों को CA के "असीमित विद्यालय विकल्पों" के भाग A के में आवंटन के लिए आरक्षित करना आवश्यक है। इसके अलावा, भाग लेने वाले DSS माध्यमिक विद्यालयों के S1 स्थानों को CA में "नो-चॉइस-नो-एलोकेशन" के भाग B "सीमित विद्यालय विकल्पों" सिद्धांत पर आवंटित किया गया है। दूसरे शब्दों में, छात्र को तब तक भाग ले रहे DSS स्कूल आवंटित नहीं किया जाएगा जब तक उसने CA के भाग B में उक्त स्कूल का चुनाव नहीं किया हो।

(8) प्र आवंटन परिणामों पर माता-पिता की पूछताछ को कहां निर्देशित किया जाना चाहिए?

उ माता-पिता EDB के SPA अनुभाग से किसी कार्य दिवस के दौरान (सौमवार से शुक्रवार प्रात: 8:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक और दोपहर 2:00 बजे से सांय 6:00 बजे तक; शनिवार, रविवार और जनतक छुट्टी के दिन बंद) निम्नलिखित पते पर संपर्क करें Podium Floor, West Block, Education Bureau Kowloon Tong Education Services Centre, 19 Suffolk Road, Kowloon Tong, Kowloon. SPA अनुभाग दूरभाष: 2832 7740 or 2832 7700. SSPA सिस्टम के बारे में सामान्य जानकारी के लिए, कृपया इस होमपेज पर अपलोड की गई सूचना पत्रक और वीडियो देखें।

स्कूल स्थान आवंटन अनुभाग

शिक्षा ब्यूरो

जुलाई 2026